प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 31.03.2025 (दोपहर–1455 बजे)

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को राज्य में सड़क नेटवर्क को तेजी से विस्तार देने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद पथ निर्माण विभाग ने राज्य भर में 36 नए पुल और फ्लाईओवर बनाए जाने का निर्णय लिया है। इस निर्माण से सड़क नेटवर्क का विस्तार होगा और आम लोगों को आवागमन में भी सहूलियत होगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, 18 नए पुल जनजातीय बहुल क्षेत्रों में बनेंगे।

*********************

उपराजधानी दुमका में कोयला डंपिंग यार्ड को घनी आबादी वाले क्षेत्र से हटा कर दूसरी जगह ले जाने की मांग को लेकर प्रभावित लोग धरना दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोयला रैक से होने वाले अत्याधिक प्रदूषण के कारण करीब दर्जन भर मोहल्ले के लोग परेशान हैं। कोयले के डस्ट से एक ओर जहाँ पानी दूषित हो गया है वहीं लोगों में सांस संबंधी बीमारियां भी बढ़ गयी हैं।

*********************

रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा है कि साइबर अपराध के खिलाफ देशव्यापी अभियान शुरू किये जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा अब राष्ट्रीय सुरक्षा और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का भी मुद्दा बन गया है। केंद्रीय मंत्री रांची में साइबर पीस फाउंडेशन की ओर से आयोजित डिजिटल जन शक्ति अभियान को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आम लोगों से डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की सावधानी के साथ उपयोग करने की अपील की।

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 19 अप्रैल को कटरा से कश्मीर के लिए पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को रवाना करेंगे। केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने जम्मू में संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 19 अप्रैल को ऊधमपुर पहुंचेंगे और विश्व के सबसे ऊंचे रेल पुल का उद्घाटन भी करेंगे।

*********************

झारखण्ड समेत देशभर में आज ईद–उल–फितर का त्यौहार हर्ष और उल्लास के साथ मनाई जा रही है। इसके साथ ही आज रमजान का महीना भी समाप्त हो रहा है। इस मौक़े पर राजधानी रांची समेत राज्यभर के ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की नमाज अता की गयी। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोगों को ईद की मुबारकबाद दी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने रांची के हरमू रोड स्थित ईदगाह में मौजूद रहकर लोगों को ईद की बधाई दी। इधर, ईद को देखते हुए राज्य भर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गए हैं। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चन्दन कुमार सिन्हा ने बताया कि जिले भर में रैफ समेत दो हजार पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। अधिकतर धार्मिक स्थलों पर सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस की एक टीम सोशल मीडिया पर भी विशेष नजर रख रही है।

इधर, जमशेदपुर, सिमडेगा, खूंटी, गुमला, बोकारो और गिरिडीह समेत अन्य जिलों में भी ईद के मौके पर लोगों ने विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा की। ईद को लेकर बच्चों और महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

*********************

इधर राज्य भर में प्रकृति पर्व सरहुल का उल्लास देखते ही बन रहा है। राजधानी रांची के बिरसा मुंडा संग्रहालय में पर्यटन विभाग की ओर से तीन दिवसीय 'सरहुल खेले चल' महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। वहीं सरहुल को लेकर रांची के विभिन्न जगहों पर सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सरना नवयुवक संघ केन्द्रीय समिति की ओर से रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में आज सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विश्वविद्यलय के छात्र छात्रायें सरहुल पर आधारित गीत और नृत्य प्रस्तुत करेंगे।

*********************

चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन आज मां दुर्गे के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। नवरात्र को लेकर आज सवेरे मंदिरों में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।

**********************

चाईबासा के युवा क्रिकेटर साकेत कुमार सिंह का चयन नेशनल क्रिकेट अकादमी में हुआ है। साकेत ने सत्र 2024–25 में विजय मर्चेट ट्राफी की अंडर–16 क्रिकेट प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। अब वे 18 अप्रैल से 14 मई तक तमिलनाडु के सलेम में होने प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए 17 अप्रैल को रवाना होंगे।

**********समाप्त************